# भजनलाल शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष की कुशलक्षेम जानी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को एस.एम.एस. अस्पताल में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देवनानी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

देवनानी ने उन्हें स्वास्थ्य लाभ हेतु मिली अपार शुभकामनाओं के लिए सभी लोगों का आभार ज्ञापित किया है।

- **देवनानी का हाल जानने के लिए लोगों का दिन भर लग रहा तांता**
- **देवनानी ने स्वास्थ्य लाभ के लिए मिली शुभकामनाओं के लिए जताया आभार**

देवनानी का हाल जानने के लिए एसएमएस अस्पताल में दिनभर जनप्रतिनिधि और आमजन का तांता लगा रहा। देवनानी ने कहा कि पटना (बिहार) में आयोजित 85वे पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान सोमवार 20 जनवरी को उन्हें एसिडिटी के कारण असहजता महसूस हुई थी। पटना में प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को ही सांय विशेष विमान से जयपुर पहुंचकर सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किये गये उपचार के दौरान उनकी सभी आवश्यक मेडिकल जांचे सामान्य आई है।

विधानसभाध्यक्ष ने कहा है कि अब उनके स्वास्थ्य में सुधार है। वे स्वयं को स्वस्थ महसूस कर रहे है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री गण और मंत्रिगण सहित अन्य प्रदेशो के विधान सभा अध्यक्षगण सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अजमेर जिले के आमजन और उनके पहचान वाले लोगों को शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। सवाई मानसिंह चिकित्सालय के चिकित्सकगण और नर्सिंग कर्मियों का उनके उपचार में दिए गए सहयोग के लिए देवनानी ने आभार जताया है। देवनानी का हाल जानने के लिए दिनभर प्रदेश भर के लोगों का तांता लगा रहा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सहित मंत्रिमंडल के सदस्यगण और पक्ष व प्रतिपक्ष के अनेक विधायक ने अस्पताल पहुंचकर देवनानी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अजमेर जिले से सैकड़ो की संख्या में जन प्रतिनिधीगण और आमजन ने जयपुर पहुंचकर देवनानी के हाल पूछे। सुबह से ही प्रदेश भर के हजारों लोगों ने देवनानी के हाल जानने के लिए उनके मोबाइल पर फोन किये।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदम : भजनलाल शर्मा

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं उद्यमिता के लिए गत एक वर्ष के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिला प्रतिनिधियों के सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें बजट में यथासंभव शामिल करेगी। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिलाओं एवं प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ बजट पूर्व संवाद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार भी सशक्त होता है। सशक्त समाज बनता है और एक अच्छे राष्ट्र का विकास होता है। हमारी सरकार पहले ही दिन से इसी सोच के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू कर बालिका के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने तक उन्हें 7 किश्तों में 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा रही है।

**बेदखली सूचना** मेरे अभिभाष्यगण श्री नरेश कुमार तांबी पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय तांबी, आयु 56 वर्ष एवं उनकी धर्मपत्नि श्रीमति कुसुम तांबी, आयु 51 वर्ष, जातियान महाजन, निवासीयान 78 विष्णु गार्डन, टोंक रोड, खोखावास, सांगानेर बाजार, सांगानेर जयपुर राजस्थान-302029 के पुत्र लक्ष्य तांबी व लक्ष्य तांबी की पत्नि आंकाक्षा खण्डेलवाल, निवासी किरायेदार फ्लेट नम्बर 705 टॉवर सी, सेक्टर 111, लोट्स हॉम्स, गुड़गांव/गुरुग्राम, हरियाणा 122017 मेरे अभिभाष्यगण के कहे में नहीं है जिस कारण से उक्त दोनों को मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पूरे परिवार सहित संबंध त्यम करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदाल कर दिया है। अगर भविष्य में उनके साथ कोई किसी प्रकार का व्यवहार लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे अभिभाष्यगण उनके कार्यो के जिम्मेवार नहीं होंगे।
जयपुर (कुन्दन कुमार) एडवोकेट
दिनाक- 20.01.2025 मो. 9785125594

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नानगराम शर्मा पुत्र श्री रामनारायण निवासी जय करणी नगर निवारू रोड, जयपुर के अधिकार एवं स्वामित्व का एक आवासीय प्लॉट नम्बर 12, गोविन्द नगर-ए, गोविन्दपुरा जयपुर को मेरे मुवक्किल श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री महाराज शर्मा द्वारा खरीद करने का विक्रय इकरार किया है, इस संव्यवहार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उज्र हो तो 07 दिवस में अपनी आपत्ति मेरे समा प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उज्र स्वीकार्य/मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
(राजवीर चौधरी) एडवोकेट, मो. 93149-61038

## खोया पाया

मकान 30/59/10, मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र, किरण पथ, पर कही पर खो/गिर गया, मिलने पर संपर्क करें-सीमा मंगलानी-9784681261

मेरे प्लॉट संख्या ए-15, मदर टेरिसा नगर जयपुर के मूल दस्तावेज (पट्टा, साइट प्लान, रसीद) जो मालवीय नगर से जेडीए के बीच कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-बद्री प्रसाद मीणा मो. 9610144888

मेरे मकान नम्बर 29-डी/382 घरौंदा, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का अलाटमेंट लेटर कहीं खो गयो मिलने पर सूचित करें कपिल पारीक-9660066393

भूखण्ड संख्या एल-2, योजना विश्वैसरिया नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर का मूल रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। लादू राम शर्मा मोबाईल नम्बर 9929833415

मेरे भूखण्ड संख्या ए-164 योजना त्रिवेणी नगर के मूल दस्तावेज मुखत्यारनामा एवं विक्रय पत्र गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें प्रभा चौधरी-9828224488

## नाम परिवर्तन

मैं मनोज पारीक पुत्र श्री नन्द किशोर पारीक निवासी बी-68 नन्दपुरी कॉलोनी, हवा सडक सोडाला भविष्य के लिए बयान करता हूँ कि मनोज पारीक व मनोज कुमार दोनों नाम मेरे स्वयं के है।

मैं हेमा चमोली पत्नी श्री सुमीत चमोली निवासी प्लॉट नम्बर-4, दूसरी मंजिल, शंकर विहार-बी, जगतपुरा रोड, जवाहर सर्किल के पास जयपुर 302017 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिये मेरा नाम बदलकर हेमा शर्मा रख लिया है।

मैंने अपना नाम अभिषेक (Abishek) से बदलकर अभिषेक संचेती (Abishek Sancheti) रख लिया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है। भविष्य में मुझे अभिषेक संचेती (Abishek Sancheti) निवासी डी-7, भगत सिंह मार्ग, तिलक नगर जयपुर-302004 के नाम से ही जाना जावें।

मैंने अपना नाम कविता (Kavitha) से बदलकर कविता संचेती (Kavita Sancheti) रख लिया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है। भविष्य में मुझे कविता संचेती (Kavita Sancheti) पत्नी अभिषेक संचेती (Abishek Sancheti) निवासी डी-7, भगत सिंह मार्ग, तिलक नगर जयपुर-302004 के नाम से ही जाना जावें।

I,Sarwan Kumari , legally wedded spouse of army no. 4169871Y Ex. Hawaldar Rameshwar Prasad Yadav R/O ward no. 8 , Dhani Bhagarawali , Post - Paota , Teh - Kotputli, District - Jaipur , Rajasthan - 303106 that I have changed my name from "SARWAN KUMARI (DOB 28/06/1962)" , is wrong entered in service PPO record , To "SHARVAN DEVI " (DOB 01/01/1959) as per aadhar card Vide affidavit dated 18 Jan 2025 before district notary ,Paota, jaipur . This change shall be effective and applicable for all future purposes.

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-6/2025/डी-134
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-15.01.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका गुप्ता पत्नी श्री कमलेश गुप्ता द्वारा रजि. विक्रय पत्र के आधार पर गुलाबवाडी गृ.नि.स.स. की योजना कैलाशपुरी के भूखण्ड संख्या 1-ए क्षेत्रफल 177.8 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जविप्रा द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड श्रीमती नेकी देवी पत्नी श्री प्रभाती लाल मीणा के पक्ष में जारी की गई है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा योजना कैलाशपुरी के भूखण्ड संख्या 1-ए का नाम हस्तान्तरण श्रीमती प्रियंका गुप्ता के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**
**आवश्यक सूचना** मूलतः आवास संख्या 3/29 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारका को आवंटन पत्रांक 1295 दिनांक 30.07.1986 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास का बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा श्रीमती द्रोपती देवी पत्नी श्री मोहन लाल शर्मा के पक्ष में नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1740 दिनांक 15.09.2006 को जारी किया जा चुका है। श्रीमती द्रोपती देवी द्वारा दिनांक 18.10.2006 के पंजीकृत मुख्त्यारनामा द्वारा श्रीमती बबीता रूस्तगी को मुख्त्यारआम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती बबीता रूस्तगी द्वारा मुख्त्यारआम धारक की हैसित से उक्त आवास की रजिस्ट्री दिनांक 17.12.2013 को उप पंजीयक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। श्रीमती बबीता रूस्तगी द्वारा उक्त आवास का बेचान उपरान्तमण्डल द्वारा अंतिम क्रेता श्री धर्मेन्द्र कुमार के पक्ष में लीज स्थानान्तरण आदेश क्रमांक 5026 दिनांक 14.03.204 को जारी किया जा चुका है। श्री धर्मेन्द्र कुमार द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 11.12.2019 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती अनीता पत्नी श्री रामनवल को किया गया है। श्रीमती अनिता द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रूपये 5000.00 जमा हो चुके है व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 3/129 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबंध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उज्र एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती अनीता पत्नी श्री रामनवल के पक्ष में मकान संख्या 3/29 पुरानी कॉलोनी राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 4/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती आनन्द कंवर प्रन्यासी प्रन्यास श्री जगदात्मा मानव हितकारी ट्रस्ट नाथ कुंज आश्रम जोडला पावर हाउस, सीकर रोड जयपुर ने पंजीकृत प्रन्यास जिसका पंजीयन क्रमांक 11 जयपुर 1987 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत श्री भूपेन्द्र सिंह रतनू एवं डा. ओमेन्द्र सिंह रतनू का सर्वसम्मति से आजीवन प्रन्यास नियुक्त कर उनके नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेा कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 16.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19.02.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन–11 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक:LU2012/JDA/2024-25/104012 दिनांक: 21/01/2025
**लोक सूचना** श्री M/S KEDIA BUILDERS AND COLONIZERS PRIVATE LIMITED TH. DIR. SAURABH KEDIA पुत्र श्री RAJENDRA KUMAR KEDIA जाति MAHAJAN निवासी A-6 TO A-10 SHYAM NAGAR BENAR ROAD JHOTWARA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:–

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बगरू खुर्द, सांगानेर(जयपुर) | M/S KEDIA BUILDERS AND COLONIZERS PRIVATE LIMITED | 260 | 6800 | 0.68 |
| 2. | बगरू खुर्द, सांगानेर(जयपुर) | M/S KEDIA BUILDERS AND COLONIZERS PRIVATE LIMITED | 1070/258 | 5340 | 0.534 |
| 3. | बगरू खुर्द, सांगानेर(जयपुर) | M/S KEDIA BUILDERS AND COLONIZERS PRIVATE LIMITED | 1072/259 | 7480 | 0.748 |
| 4. | बगरू खुर्द, सांगानेर(जयपुर) | M/S KEDIA BUILDERS AND COLONIZERS PRIVATE LIMITED | 1074/262 | 160 | 0.016 |
| | | | | कुल | 1.978 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क और/ राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेजों को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21-01-2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी जोन–11, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

# टी. रविकांत ने राजस्थान में खनन की प्रक्रिया व बेस्ट प्रेक्टिसेज साझा की

**जयपुर**। राजस्थान के माइंस एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि राजस्थान संभवत: देश का इकलौता प्रदेश है जहां ब्लॉक डेलिनियेशन से लेकर मेजर व माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन की संपूर्ण प्रक्रिया विभाग द्वारा स्वयं की जाती है। देश के अन्य खनिज संपदा संपन्न प्रदेशों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से थर्ड पार्टी द्वारा ऑक्षन डाक्यूमेंट तैयार करने से लेकर ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। राजस्थान में मिनरल्स के ऑक्शन के बाद भी मार्गदर्शन व आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल स्थापित किया गया है।

- **अन्य प्रदेशों में थर्ड पार्टी द्वारा ऑक्शन प्रक्रिया**

टी. रविकान्त मंगलवार को ओडिशा के कोणार्क में केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल माइंस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन राजस्थान की ऑक्शन प्रक्रिया व बेस्ट प्रेक्टिसेज साझा कर रहे थे। मेजर और माइनर मिनरल्स के लिए विभाग के अलग अलग वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के गठन के बाद से एक्सप्लोरेशन, सेंपल विश्लेषण, डेलिनियेशन और ऑक्शन के लिए ब्लॉक व प्लॉट तैयार करने के काम में तेजी आई है। राज्य सरकार द्वारा आरएसएमईटी की कार्यकारी समिति की नियमित बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी है के नेतृत्व में विभाग द्वारा जीरो टॉलरेंस-जीरो लॉस नीति पर कार्य किया जा रहा है। वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए ऑक्शन प्रक्रिया का रोडमेप बनाकर आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में एक साल में ही समूचे देश में पहले पायदान पर आ गया है।

टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में ऑनलाईन मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत बनाया जा रहा है। पिछले दिनों ही नई खनिज नीति व एम-सेंड नीति जारी करने के साथ ही नियम जारी करते हुए प्रक्रिया को आसान व राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में सहायता के प्रावधान किये गये हैं। यही कारण है कि राजस्थान में आयोजित राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में एक लाख 83 हजार से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित हुए हैं। स्वयं प्रमुख सचिव स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों से सीधा संवाद कायम किया जाता है जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। प्रदेश में वार्षिक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के साथ ही मोनेटरिंग सिस्टम को चाक चोबंद किया गया है। एसएमई प्रताप मीणा व एसजी संजय दुबे को मेजर मिनरल व केसी गोयल व सुशील हुडा को माइनर मिनरल में पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल बनाया गया।

## राज्यपाल ने वरूर में महामस्तकाभिषेक समारोह में भाग लिया

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को कर्नाटक के वरूर में स्थापित भगवान पार्श्वनाथ की अखंड प्रतिमा के महामस्तकाभिषेक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश में तीर्थंकरों की महान परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्श्वनाथ तीर्थंकर का महामस्तकाभिषेक हमें सत्य और जीवन से जुड़े नैतिक मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों ने त्याग और अपरिग्रह के सिद्धान्तों के आदर्श स्थापित कर जीवन के उदात्त मूल्यों का प्रसार किया है।

बागडे ने भारतीय संविधान की मूल प्रति में ध्यानस्थ मुद्रा में बैठे हुए वर्धमान महावीर के चित्रांकन की चर्चा करते हुए कहा कि जैन धर्म जिन शब्द से जुड़ा है। इसका अर्थ है, विजेता। जिन्होंने इच्छाओं एवं मन पर विजय प्राप्त कर ली है, वह महावीर है। उन्होंने वेरूर में भगवान पार्श्वनाथ की अखंड प्रतिमा का अभिषेक किया और वहां स्थापित नवग्रह तीर्थ में तीर्थंकरों की प्रतिमाओं का भी दर्शन किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के वरूर में स्थापित पार्श्वनाथ की अखंड प्रतिमा और नवग्रह तीर्थंकर का धाम अलौकिक है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दादिया प.स. सांगानेर, जयपुर**
क्रमांक: 152 ई- निविदा सूचना 11/2024-25 दि.: 21.01.2025
ग्राम पंचायत दादिया में निर्माण कार्यो के लिए राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्योमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB -PEZ2425A0123, UBN- PEZ2425WSOB00205 to 206
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत दादिया — सरपंच ग्राम पंचायत दादिया

**लूनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति. जयपुर**
कार्यालय-अशोका होटल, इण्डिया गेट, मैन टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर
क्रमांक-SPL-Jan-2025 **आम सूचना** दिनांक-10.01.2025
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लूनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर की आवासीय योजना लक्ष्मी नगर द्वितीय स्थित छापोलों की ढाणी सांगानेर जयपुर में भूखंड संख्या 47ए, कुल एरिया 66.66 वर्गगज का आवंटन पत्र समिति द्वारा श्री बजरंग लाल कुमावत पुत्र श्री फूलचंद कुमावत के नाम से दिनांक 20.04.1994 को जारी किया गया था लेकिन बजरंग लाल कुमावत पुत्र श्री फूलचंद कुमावत के द्वारा विक्रय करने पर समिति द्वारा प्रस्ताव संख्या 1383 व दिनांक 01.09.1997 को दुर्गा लाल कुमावत पुत्र श्री ग्यारसी लाल कुमावत के नाम से स्थानान्तरण किया गया था। लेकिन दुर्गालाल कुमावत पुत्र श्री ग्यारसी लाल कुमावत के रजिस्ट्री द्वारा बेचान करने पर विष्णु कुमावत पुत्र श्री रमेश चन्द कुमावत एक मात्र स्वामी व मालिक है। लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा पट्टा गुम होना बताया गया इस संबंध में उक्त व्यक्ति द्वारा गुम होने की सूचना पुलिस थाना मुहाना जयपुर (दक्षिण) दिनांक 15.1.2024 रजि. क्र. 117 दर्ज कराई गई है। इस संबंध में उक्त व्यक्ति ने समिति में डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कराने के लिए आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था या बैंक व पारिवारिक अन्य किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में समिति कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा उक्त व्यक्ति के नाम से डुप्लीकेट पट्टा जारी कर दिया जायेगा इसमें आम सूचना की अवधि निकलने के बाद समिति की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी। सूचित रहे।
अध्यक्ष, लूनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड
जयपुर कार्यालय-अशोक होटल, इंडिया गेट, मैन टोंक रोड, सीतापुरा सांगानेर जयपुर

**कार्यालय आवासीय अभियंता**
**राज. आवासन मण्डल, खण्ड कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)**
1/68 खान भांकरी रोड दौसा (राज.) फोन-01427-223875, (Email Id: redausa.rhb@rajasthan.gov.in)
**आवश्यक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/119 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 108.00 वर्ग मीटर का आवंटन वैध श्री गिरजा शंकर शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीधर शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1545 दिनांक 31.12.1990 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 07.02.1991 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी वैध श्री गिरजा शंकर शर्मा की दिनांक 05.12.2022 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उनके द्वारा पंजीकृत वसीयतग्रहिता उत्तराधिकारी श्री कार्तिक कुमार औदिच्य पुत्र श्री राजेंद्र कुमार औदिच्य ने उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है।
अत आवास संख्या 1/119 स्काउट फील्ड योजना सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्री कार्तिक कुमार औदिच्य पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार औदिच्य के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत महापुरा पंचायत समिति सांगानेर जयपुर**
क्रमांक-ग्रापम/2025/37 दिनांक-15.01.2025
**ई-निविदा सूचना 11/2024-25**
ग्राम पंचायत महापुरा में निर्माण कार्यों के लिए राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर दीी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB PEZ2425A0119, UBN - PEZ2425WSOB00200
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत महापुरा — सरपंच ग्राम पंचायत महापुरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवलिया पंचायत समिति सांगानेर जयपुर**
क्रमांक-183 दिनांक-20.01.2025
**ई-निविदा सूचना 12/2024-25**
ग्राम पंचायत देवलिया में निर्माण कार्यो के लिए राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर लॉनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB PEZ2425A0118, UBN - PEZ2425WSOB00198 to 199
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवलिया — सरपंच, ग्राम पंचायत देवलिया प.सं. सांगानेर जयपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता (आदर्श नगर जोन), नगर निगम, हैरिटेज जयपुर**
(सेक्टर 4, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के पास, जवाहर नगर, जयपुर)
क्रमांक :- एफ-29/आ.न.जोन/ननिज-है./2024-25/ दिनांक :-
**ई-निविदा सूचना संख्या 72 से 81/2024-25 तक**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता आदर्श नगर जोन से सम्बन्धित विकास कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। जिसका यूबीएन नम्बर JMC2425WSOB01138, 1139, 1140, 1141, 1142, 1143, 1144, 1145, 1146, 1147 है।
नोट : अवकाश घोषित होने पर कार्यालय खुलने की आगामी तारीख मानी जाये।
राज.संवाद/सी/24/10625
अधिशाषी अभियन्ता (आदर्श नगर जोन) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

# डोटासरा गजनी अंकल बन गए है, 13 महीने पहले हुए वोट पर चोट का इतिहास भूल गए हैं : के.के. विश्नोई

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने मीडिया बयान देते हुए कहा कि भजनलाल सरकार को लगभग एक वर्ष पूर्ण हो गया है और इस एक वर्ष में ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं जो पिछले 80 वर्षों में कभी नहीं हुए। पहली बार 4 लाख 90 हजार करोड़ का बजट जारी किया गया और धरातल पर लाने के लिए लगातार प्रभारी मंत्रियों, सचिवों के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं मॉनिटरिंग की और बजट में गरीब, महिला, युवा, किसान चारों वर्गो का ध्यान रखा गया।

- **'एक वर्ष में ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक निर्णय हुए है जो पिछले 80 वर्षो में कभी नहीं हुए'**

मुख्यमंत्री ने पहले ही वर्ष राइजिंग राजस्थान जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम को साकार रूप देते हुए देश-विदेश से निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए बुलाया। राइजिंग राजस्थान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से होना और 35 लाख करोड़ का निवेश होना आधुनिक डिजिटल युग और राजस्थान के विकास का ऐतिहासिक उदाहरण है। निवेश धरातल पर उतरे इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

के.के. विश्नोई ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लगातार अनर्गल बयानबाजी करने में लगे हुए है तथा मुख्यमंत्री के लिए अशब्दों का इस्तमाल करना, झूठे बयान देना इनका प्रतिदिन का काम बन गया है। कोई तथ्यात्मक बात इनके बयानों में नहीं होती है ये सिर्फ झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करना चाहते हैं। के के विश्नोई ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा गजनी अंकल बन गए हैं। उन्हें शॉर्ट टर्म मेमोरी लोस के कारण 13 महीने पहले हुए वोट पर चोट का इतिहास याद नहीं है। परंतु राजस्थान की जनता समझदार है और इसी का परिणाम है कि उपचुनाव में राजस्थान की समझदार जनता ने सात में से एक नम्बर दिया और इनके झूठे वादों और खोखली घोषणाओं को फेल साबित कर दिया।

के.के विश्नोई ने बताया कि भाजपा की सरकार में नौकरियों की लगातार बौछार हो रही हैं, अब बिना पेपर लीक हुए 110 से भी ज्यादा परीक्षाएं बिना व्यवधान के आयोजित हो चुकी हैं। युवा वर्ग अब समझ चुका है की भजनलाल सरकार में पेपरलीक करने वालों की दाल गलने वाली नहीं है और भजनलाल सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर कटिबद्ध है और किसी भी हालत में पेपर-लीक सरगानाओं को नहीं बख्शा जाएगा।

## राज्यपाल से श्रीपाद वाई नायक ने मुलाकात की

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को केंद्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद वाई नायक ने राजभवन पहुंच कर मुलाकात की।

राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से संवाद किया।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# कांग्रेसी नेताओं की आदत है झूठ बोलो और भाग जाओ : दिलावर

- **'पिछली सरकार में महिला अत्याचार में प्रदेश नम्बर वन था तब नेता प्रतिपक्ष की जुबान क्यों नहीं खुली'**
- **'भजनलाल सरकार ने पेपर-लीक माफियाओं पर कसा शिकंजा, जेल में डालकर दिया संदेश'**

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने मीडिया बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं और उनकी आदत में है कि बयान देते हैं और भाग जाते हैं। उनको लगता है कि 100 बार झूठ बोलने से जनता उसे सच मान लेगी परन्तु राजस्थान की जनता समझदार है और इसी समझदारी का परिचय देते हुए झूठ बोलने वाली कांग्रेस पार्टी को उपचुनाव में सात में से एक सीट दी थी। कांग्रेसी नेताओं की एक आदत है झूठ बोलो और भाग जाओ। जनता अब समझ चुकी है कि झूठ बोलकर भागने की राजनीति चलने वाली नहीं हैं। राजस्थान में जिस प्रकार से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मे भ्रष्टाचार, पेपर लीक, महिलाओं पर अत्याचार एवं सायबर अपराधों मे राजस्थान को नंबर एक बना दिया था तथा उन सायबर अपराधियों को कांग्रेस सरकार के विधायक और मंत्रियों के द्वारा संरक्षण दिया जाता था।

दिलावर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के खड्डों को भर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रतिदिन इस बात के लिए प्रयास कर रहे हैं कि कांग्रेस सरकार में महिला अत्याचार के मामले में राजस्थान के माथे पर जो कलंक लगे थे, उन्हें कैसे मिटाया जाए। पेपर-लीक माफियाओं को भजनलाल सरकार ने जेल में डालकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले और कांग्रेस सरकार में इन्हीं के नेताओं से संरक्षण प्राप्त पेपर-लीक माफियाओं को यह बता दिया है कि यह भाजपा सरकार है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। कौन भूल सकता है कि कांग्रेस सरकार के समय महिला अत्याचार और महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में राजस्थान देश में नंबर एक पर था यहाँ तक की छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म से पूरा प्रदेश सहमा हुआ था।

## कार्यालय पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक :– पं.स.क./लेखा/निविदा/2024–25/2985 दिनांक :– 21.01.2025

**ई–निविदा सूचना 03/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 तक वित्तीय वर्ष 2024–25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाऍ आमन्त्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोडिंग की दिनांक व समय | डी.डी. एवं दस्तावेज भौतिक रूप से सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कराने की दिनांक एवं समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 वित्तीय वर्ष 2024–25 मे घर एवंव्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु निविदा दर– | | | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत कैलादेवी | 03/ 2024–25 | 236000 | 4720 | 500 | 500 | दिनांक 21.01.2025 समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 27.01.2025 समय शाम 6.00 बजे तक | दिनांक 28.01.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 28.01.2025 समय दोपहर 02.00 बजे |
| 2 | ग्राम पंचायत खोहरी | | 172000 | 3440 | 500 | 500 | | | |
| 3 | ग्राम पंचायत मांची | | 208000 | 4160 | 500 | 500 | | | |
| 4 | ग्राम पंचायत मामचारी | | 186000 | 3720 | 500 | 500 | | | |
| 5 | ग्राम पंचायत महोली | | 180000 | 3600 | 500 | 500 | | | |
| 6 | ग्राम पंचायत बरखेड़ा | | 96000 | 1920 | 500 | 500 | | | |
| 7 | ग्राम पंचायत सैमरदा | | 198000 | 3960 | 500 | 500 | | | |
| 8 | ग्राम पंचायत करसाई | | 197000 | 3940 | 500 | 500 | | | |
| 9 | ग्राम पंचायत लोहर्रा | | 120000 | 2400 | 500 | 500 | | | |

ई–निविदा से संबधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

UBN-ZKR2425SSRC00545, 546, 547, 548, 549, 550, 551, 552, 553

विकास अधिकारी,
पंचायत समिति करौली,
जिलाकरौली